Roll No.

# H-19923

## कक्षा 9 वीं परीक्षा, 2018–19

# HINDI SPECIAL

# हिन्दी विशिष्ट

[Total No. of Questions: 28] [Total No. of Printed Pages: 08]

[Time: 03 Hours] [Maximum Marks: 100]

---

*निर्देश –*

(1) *सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

(2) *प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।*

(3) *आरम्भ में दिए गए वस्तुनिष्ठ प्रश्न सबसे पहले हल कीजिए।*

(4) *प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिए 5 अंक निर्धारित हैं। कुल 5X5=25 अंक हैं।*

(5) *प्रश्न क्रमांक 6 से 16 तक 2–2 अंक के प्रश्न हैं तथा शब्द सीमा है 30 शब्द।*

(6) *प्रश्न क्रमांक 17 से 19 तक 3–3 अंक के प्रश्न हैं तथा निर्धारित शब्द सीमा है 75 शब्द।*

(7) *प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक 4–4 अंक के प्रश्न हैं तथा निर्धारित शब्द सीमा है 120 शब्द।*

(8) *प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 तक 5–5 अंक के प्रश्न हैं तथा शब्द सीमा है 150 शब्द।*

(9) *प्रश्न क्रमांक 28 के दो भाग हैं। भाग 'अ' के लिए निर्धारित अंक हैं 7 एवं शब्द सीमा है 200–250 शब्द। भाग 'ब' के लिए निर्धारित अंक 3 हैं। कुल अंक 7+3=10 हैं।*

(10) *वस्तुनिष्ठ प्रश्नों को छोड़कर सभी प्रश्नों में विकल्प का प्रावधान रखा गया है।*



https://www.evidyarthi.in/

प्र.1 दिए गए शब्दों में से उचित शब्द का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – (1×5=5)

(i) 'सूरज का पहिया' कविता के रचियता ......... हैं। (तुलसीदास / गिरिजा कुमार माथुर)

(ii) 'एक कुत्ता और एक मैना' पाठ की विधा ............................ है। (रेखाचित्र / संस्मरण)

(iii) निर्झर सदैव ........................................................................ रहता है। (गतिशील / स्थिर)

(iv) बुराई में ........................................................................ प्रत्यय जोड़ा गया है। (आई / आइ)

(v) भक्तिकाल में ........................................................ रस की प्रधानता रही है। (शांत / वीर)

प्र.2 सही विकल्प चुनकर लिखिए – (1×5=5)

(i) जीवन मार्ग के कॉंटे और कलियाँ हैं –

(अ) सुख और दुख (ब) फूल और पत्ती

(स) सूरज और चाँद (द) रात और दिन

(ii) 'श्रीमद्‌भगवत्‌गीता' में विवेचित सिद्धांत है –

(अ) भाव सिद्धान्त (ब) गृह सिद्धान्त

(स) कर्मसिद्धान्त (द) जीवन सिद्धान्त

(iii) वाल्मीकि के शिष्य का नाम है –

(अ) इक्ष्वाकु (ब) भारद्वाज

(स) भीष्म (द) श्री राम

(iv) 'चेतन' शब्द का विलोम है –

(अ) अचेतन (ब) अचर

(स) अधीर (द) अनर्थ

(v) मुक्तक काव्य के प्रकार हैं–

(अ) दो (ब) तीन

(स) चार (द) पाँच



https://www.evidyarthi.in/

प्र.3 सत्य / असत्य का चयन कर लिखिए– (1X5=5)

(i) सुदामा की दीन दशा देखकर श्रीकृष्ण मुस्कुरा दिए।

(ii) दीपदान सामाजिक एकांकी है।

(iii) ननिहाल जाते समय लेखक हाथी पर चढ़े थे।

(iv) 'स्वर्ग' शब्द का पर्यायवाची सुरलोक है।

(v) वार्णिक छन्द में वर्णों की गिनती की जाती है।

प्र.4 सही जोड़ी का मिलान कर लिखिए – (1X5=5)

| | 'अ' | | 'ब' |
|---|---|---|---|
| (i) | 'स्वतन्त्रता का दीपक' | (अ) | शिवमंगल सिंह 'सुमन' |
| (ii) | 'बहू की विदा' | (ब) | 'सुदामा – चरित' |
| (iii) | रास्ता दिखाने वाला | (स) | गोपालसिंह नेपाली |
| (iv) | खण्डकाव्य | (द) | विनोद रस्तोगी |
| (v) | 'सिपाही का पत्र' | (इ) | राह प्रदर्शक |

प्र.5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए – (1X5=5)

(i) कवि ने धरती में क्या बोया?

(ii) मानव जाति किन दो भागों में बंटी हुई है?

(iii) परमेश्वर का महामंदिर किसे कहा गया है?

(iv) काव्य के आन्तरिक पक्ष को क्या कहते हैं?

(v) दृश्य काव्य किसे कहते हैं?



evidyarthi
https://www.evidyarthi.in/

प्र.6 कवि घर पर किसके द्वारा संदेश भेजना चाहता है? (2)

अथवा

कवि ने ओस की बूंदों को लेकर क्या कल्पना की है?

प्र.7 जीवन का सच क्या है? (2)

अथवा

प्रिय के बोलने में कवि को किसकी वर्षा होते दिखाई देती है?

प्र.8 कवि किस चक्र को नहीं रुकने देने की बात करता है? (2)

अथवा

प्रेम के मार्ग के विषय में कवि का क्या मत है?

प्र.9 शबरी के मुँह से शब्द क्यों नहीं निकल पा रहे थे? (2)

अथवा

बचपन की याद किसे आ रही है?

प्र.10 रैदास की प्रभु भक्ति किस भाव की है? (2)

अथवा

हमारा अतिशय मान किसने किया है?

प्र.11 जीवनलाल ने कमला की विदाई करने से क्यों मना कर दिया? (2)

अथवा

स्वामी जी के अनुसार भारत के लोग दूसरे धर्मों को किस रूप में स्वीकार करते हैं?

प्र.12 पन्ना कौन थी? (2)

अथवा

मनोहर और रामेश्वरी का क्या रिश्ता था?



https://www.evidyarthi.in/

प्र.13 कर्ता को किस प्रकार का कार्य करना चाहिए? (2)

**अथवा**

नदियाँ हमारे जीवन के किस –किस पक्ष को समृद्ध करती हैं?

प्र.14 राणा प्रताप की तलवार को किसके समान कहा गया है? (2)

**अथवा**

जीवक किस शास्त्र के विद्वान थे?

प्र.15 उपसर्ग की परिभाषा लिखकर निम्नलिखित उपसर्गों के योग से दो शब्द बनाकर लिखिए – (2)

'अनु', 'निर'

**अथवा**

'प्रत्यय' की परिभाषा लिखकर 'आई' व 'वान' प्रत्यय लगाकर दो शब्द लिखिए।

प्र.16 छन्द की परिभाषा लिखिए। (2)

**अथवा**

शांत रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्र.17 न्यायाधीश अपने आसन में क्यों खड़े हो गए? (3)

**अथवा**

लेखक ने स्वाद के सम्बन्ध में किस प्रकार की जिज्ञासा प्रकट की?

प्र.18 निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए – (3)

कठिन, विष, रात, भाई, पिता, दुःख

**अथवा**

निम्नलिखित शब्दों के दो – दो पर्यायवाची शब्द लिखिए –

कमल, आकाश, नदी



https://www.evidyarthi.in/

प्र.19 अनुप्रास अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। (3)

**अथवा**

रस के प्रकार व उनके स्थायी भाव लिखिए।

प्र.20 आदिकाल की चार विशेषताएँ लिखिए। (4)

**अथवा**

भक्तिकाल की चार विशेषताएँ लिखिए।

प्र.21 नाटक एवं एकांकी में चार अंतर लिखिए। (4)

**अथवा**

उपन्यास एवं कहानी में चार अंतर लिखिए।

प्र.22 मीराबाई अथवा तुलसीदास का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए – (4

(i) दो रचनाएँ

(ii) भावपक्ष

(iii) कलापक्ष

(iv) साहित्य में स्थान

प्र.23 प्रेमचन्द अथवा भगवतीशरण सिंह का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए– (4

(i) दो रचनाएँ

(ii) भाषा

(iii) शैली

(iv) साहित्य में स्थान

प्र.24 निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ, प्रसंग एवं विशेष सहित व्याख्या लिखिए – (4)

है बिखेर देती वसुन्धरा,
मोती, सबके सोने पर,
रवि बटोर लेता है उनको,
[illegible]

https://www.evidyarthi.in/

**अथवा**

कंद मूल फल सुरस अति दिए राम कहुँ आनि।

प्रेम सहित प्रभु खाए बारंबार बखानि।।

5 निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ, प्रसंग एवं विशेष सहित व्याख्या लिखिए – (4)

साहसी मनुष्य की पहली पहचान यह है कि वह इस बात की चिन्ता नहीं करता कि तमाशा देखने वाले लोग उसके बारे में क्या सोच रहे हैं। जनमत की उपेक्षा करके जाने वाला आदमी दुनिया की असली ताकत होता है और मनुष्यता को प्रकाश भी उसी आदमी से मिलता है।

**अथवा**

भारत नदियों का देश रहा है, इसलिए नहीं कि इस देश में नदियों की ही अधिकता है बल्कि इसलिए कि इस देश में नदियों का विशेष रूप से सम्मान हुआ है। वे हमारे जीवन में वहुत महत्व रखती हैं।

6 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (5)

एकल परिवारों के चलन से मित्रता का महत्व और अधिक बढ़ा है। संयुक्त परिवारों के अभाव में विपरीत परिस्थितियाँ मित्रता की माँग करती हैं। चूँकि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है अतः उसके सामाजिक विकास में मित्र की अहम् भूमिका रहती है। परिचित तो बहुत होते हैं, पर मित्र बहुत कम होते हैं, क्योंकि मैत्री एक ऐसा भाव है जिसमें प्रेम के साथ समर्पण और त्याग की भावना मुख्य होती है।

प्रश्न –

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

मित्रता।

(ii) मित्रता का महत्व अव क्यों बढ़ गया है?

(iii) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।



https://www.evidyarthi.in/

27 विद्यालय के प्राचार्य को शाला – शुल्क से मुक्ति हेतु आवेदन पत्र लिखिए। (5)

**अथवा**

बड़े भाई के विवाह में आमन्त्रित करते हुए मित्र को आमन्त्रण – पत्र लिखिए।

28 (अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 200 से 250 शब्दों में सारगर्भित निबन्ध लिखिए – (7)

(i) विज्ञान के चमत्कार

(ii) दूरदर्शन का महत्व

(iii) पर्यावरण प्रदूषण

(iv) दहेज प्रथा

(v) जल का महत्त्व

I) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध की रूपरेखा लिखिए – (3)

(i) राष्ट्रीय पर्व

(ii) विद्यार्थी और अनुशासन

(iii) साहित्य और समाज

(iv) पुस्तकालय का महत्व

(v) समाचार पत्रों का महत्त्व

.................................................



evidyarthi
https://www.evidyarthi.in/